प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 फरवरी 2025

## 'रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित बाजारों के व्यापार और निपटान समय की व्यापक समीक्षा' पर कार्य दल

7 फरवरी 2025 के 'विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य' के भाग के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित बाज़ारों में व्यापार और निपटान समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए एक कार्य दल के गठन की घोषणा की।

2. तदनुसार, निम्नलिखित संरचना वाला एक कार्य दल गठित किया गया है:

i) श्री राधा श्याम रथ, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक (अध्यक्ष)
ii) श्री रवि रंजन, उप प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक
iii) श्री ललित त्यागी, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा
iv) श्री आशीष पार्थसारथी, ग्रुप हेड - ट्रेजरी, एचडीएफसी बैंक
v) सुश्री पारुल मित्तल सिन्हा, वित्तीय बाजार प्रमुख, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक
vi) श्री अश्विनी सिंधवानी, सीईओ, भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई)
vii) श्री रवींद्रनाथ गंद्रकोटा, सीईओ, भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (फिम्डा)
viii) श्री शैलेन्द्र झिंगन, अध्यक्ष, भारतीय प्राथमिक व्यापारी संघ (पीडीएआई)
ix) सुश्री डिंपल भांडिया, मुख्य महाप्रबंधक, वित्तीय बाजार विनियमन विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक (सदस्य सचिव)

3. कार्य दल के लिए विचारार्थ विषय (टीओआर) निम्नानुसार हैं:

i) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित विभिन्न वित्तीय बाज़ारों के लिए वर्तमान व्यापार और निपटान समय की समीक्षा करना, जिसमें व्यापार, समाशोधन, निपटान और लेनदेन की रिपोर्टिंग के लिए बाज़ार अवसंरचना का कार्य-समय शामिल है;
ii) बाजारों में मूल्य/ दरों के संचारण, अस्थिरता और व्यापार के वितरण, चलनिधि आवश्यकताओं, नेटिंग दक्षता आदि के संदर्भ में वर्तमान व्यापार और निपटान समय के कारण बाजारों के समग्र कामकाज में टकराव, चुनौतियों और मुद्दों, यदि कोई हो, की पहचान करना;
iii) बाजार समय से संबंधित विभिन्न देशों की पद्धतियों और सहभागिता, चलनिधि, मात्रा आदि के संदर्भ में बाजार गतिविधियों पर उनके प्रभाव, यदि कोई हो, की जांच करना;
iv) व्यापार और निपटान के लिए वर्तमान समय को संशोधित करने में लाभ, लागत और चुनौतियों (यदि कोई हो) सहित निहितार्थों की जांच करना; और
v) व्यापार और निपटान समय पर सिफारिशें करना।

4. कार्य दल, आवश्यकतानुसार, अन्य हितधारकों को परामर्श के लिए आमंत्रित कर सकता है। कार्य दल 30 अप्रैल 2025 तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

**(पुनीत पंचोली)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2097** मुख्य महाप्रबंधक